**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**09.07.2025/प्रादेशिक समाचार/1945 बजे**

**" मुख्य समाचार"**

- केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा–आपदा पीड़ितों को हरसंभव मदद देगी केन्द्र सरकार।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आपदा प्रभावित मंडी ज़िला के दो दिवसीय दौरे पर–नुकसान का लिया जायज़ा।
- राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा–मॉनसून की भारी बरसात से प्रदेश में अब तक एक हज़ार करोड़ रूपये से अधिक का नुकसान।
- प्रदेश में मॉनसून पूरी तरह सक्रिय–आज व कल राज्य के कुछ क्षेत्रों में भारी वर्षा का येलो अलर्ट।

**अब समाचार विस्तार से..........**

**नड्डा**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आज मंडी जिला के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान का जायजा लिया। नड्डा ने इस दौरान सुंदरनगर में स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों के साथ एक बैठक में प्रभावितों तक हरसंभव राहत पहुंचाने के निर्देश दिए और कहा कि इसमें कोई ढिलाई न बरती जाए। नड्डा ने कहा कि केन्द्र सरकार प्रदेश सरकार के साथ पूर्ण समन्वय से कार्य कर रही है और आवश्यक संसाधन समय पर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हर प्रभावित व्यक्ति तक सहायता पहुंचाने के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार हर प्रभावित व्यक्ति के पुनर्वास में कोई कमी नहीं छोड़ेगी।

इससे पूर्व जे.पी. नड्डा ने नाचन विधानसभा क्षेत्र के स्यांज, पंगलियूर और बागा गांव का दौरा किया तथा प्रभावित परिवारों से बात की। उन्होंने सराज विधानसभा क्षेत्र के थुनाग में भी प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान का जायजा लिया। नड्डा ने पीड़ित परिवारों को सांत्वना देते हुए कहा कि प्रशासन इस आपदा से निपटने के लिए युद्धस्तर पर कार्य कर रहा है। उन्होंने राहत शिविरों में सुविधाओं का जायज़ा भी लिया और अधिकारियों का आवश्यक दिशानिर्देश दिए। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल और नाचन के विधायक विनोद कुमार भी इस दौरान मौजूद रहे।

**मुख्यमंत्री**

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू भी आज से मंडी जिला के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दो दिवसीय दौरे पर हैं। मुख्यमंत्री ने अपने दौरे के पहले दिन आपदा प्रभावित क्षेत्र बगस्याड़ में नुकसान का जायज़ा लिया और प्रभावित परिवारों के साथ बातचीत कर उनकी पीड़ा को साझा किया। मुख्यमंत्री ने बगस्याड़ में राहत शिविर का भी दौरा किया और यहां रह रहे लोगों का दुख–दर्द जाना। मुख्यमंत्री ने बाद में सरण गांव में आपदा से हुए नुकसान का जायज़ा लिया। उन्होंने सरण गांव के लोगों से भी मुलाकात की और उन्हें

सरकार की ओर से हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने बाद में जंजैहली क्षेत्र के पांडवशिला में भी आपदा प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर नुकसान का जायजा लिया और पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया।

**हर्षवर्धन**

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने आरबीएस योजना के तहत सिरमौर ज़िला के लिए एक सौ 55 करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत की है। इस योजना के माध्यम से ज़िले में बिजली से वंचित तथा लो वोल्टेज की समस्या का निदान किया जाएगा। हर्षवर्धन चौहान आज शिलाई विधानसभा क्षेत्र की पनोग पंचायत में नवनिर्मित विद्युत सबस्टेशन भवन के लोकार्पण के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस साल शिलाई विधानसभा क्षेत्र में एक सौ 75 नए बिजली ट्रांसफार्मर स्थापित किए जाएंगे।

**जगत सिंह नेगी**

बागवानी व राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि प्रदेश में मॉनसून की भारी वर्षा से नुकसान का सिलसिला लगातार जारी है। उन्होंने आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रदेश में अभी तक मॉनसून की भारी बरसात से एक हज़ार करोड़ रूपये से अधिक का नुकसान हो चुका है। जगत सिंह नेगी ने भाजपा पर आपदा के नाम पर राजनीति करने का आरोप लगाया और कहा कि सुक्खू सरकार प्रभावितों को हरसंभव राहत पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आपदा राहत अभियान युद्धस्तर पर चलाया जा रहा है। राजस्व मंत्री ने कहा कि करसोग के लिए सड़क सम्पर्क बहाल कर दिया गया है और वहां फंसे पर्यटकों को भी सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है।

***नुकसान का भी मूल्यांकन बड़े तेजी से किया जा रहा है क्योंकि फील्ड में जाकर हर डिपार्टमेंट ने अलग-लग अपना मूल्यांकन करते हैं पर जो हमने पिछले चार-पान दिन के अंदर देखा तो करीब जो है एक-हजार करोड़ से तो उपरी चला गया । पर ये continues अभी इसका मूल्यांकन हो रहा है । एक अनुमान के हिसाब से कोई आज की तारीख में कोई 1200 से ज्यादा मकान या partially या फुली damaged है । पर मै ये बताना चाहता हूँ कि भारतीय जनता पार्टी जो है आपदा में भी अफसर का मौका ढूंढते है । इनके जो लीडर है केबल मोके पे जहां जहां सढकें खुल रही है वहां आराम से जा रहे हैं देखा हुआ डिजाइनर सूट में चले हुए हैं और फोटो सेशन करके जा रहे हैं और यह स्टेट्मेंड इनी के लीडर का था कि JCB आगे आगे हैं हम JCB के पीछे पीछे हैं***

**मौसम**

प्रदेश में मॉनसून लगातार सक्रिय बना हुआ है और राज्य के अधिकांश हिस्सों में रूक–रूक कर मॉनसून की वर्षा का सिलसिला जारी है। प्रदेश में आज धौलाकुंआ में सर्वाधिक एक सौ 6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। अन्य स्थानों पर भी इस दौरान व्यापक वर्षा हुई। मौसम विभाग ने प्रदेश में आज और कल भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इसके बाद मॉनसून की वर्षा में कुछ कमी आएगी। इस बीच

प्रदेश में भारी वर्षा, भूस्खलन और बाढ़ जैसी घटनाओं के कारण अभी भी एक सौ 74 सड़कें, एक सौ 62 बिजली ट्रांसफार्मर और 7 सौ 55 पेयजल योजनाएं बंद हैं। अकेले मंडी ज़िला में एक सौ 36 सड़कें बंद हैं। प्रदेश में मॉनसून की दस्तक के बाद से अभी तक मॉनसून से जुड़ी घटनाओं में 85 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 34 लोग लापता हैं। भारी बरसात के कारण प्रदेश में 4 सौ 4 पक्के मकान और 27 कच्चे मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके हैं।

**युववाणी**

बदलते दौर में भी आकाशवाणी की लोकप्रियता में कोई कमी नहीं आई है बल्कि समय–समय पर आकाशवाणी सूचना, मनोरंजन और शिक्षा के सशक्त माध्यम के रूप में और भी मजबूती से उभरा है। आज की युवा पीढ़ी में जब भी स्वस्थ मनोरंजन और विश्वसनीय जानकारी की बात आती है तो आकाशवाणी की ओर रुख करती है और साथ ही आकाशवाणी के प्रसारणों से जुड़ने के लिए भी उत्सुक रहती है। इन दिनों आकाशवाणी शिमला में युव वाणी कार्यक्रम के लिए स्वर परीक्षा आयोजित की जा रही है। आकाशवाणी के कार्यक्रम प्रमुख अनिल वर्मा ने जानकारी देते हुए कहा कि–

इस दौरान स्वर परीक्षा देने आए युवाओं ने कहा कि....

***मेरा नाम गुलशन शांडिल है और मेरी उम्र 26 साल है। मैं निरंतर रेडियो सुनता हूँ। यह आदत हमें हमारे माता.पिता से मिली है। आज यहाँ युववाणी कार्यक्रम के लिए ऑडिशन करवाए गए तो मैं भी उस ओडिशन में पार्टीसिपेट कर रहा हूँ। मेरा बचपन से ही सपना रहा है कि आकाशवाणी जैसी बड़ी संस्था पे मै भी अपनी आवाज को प्रस्तुत करूँ।***

***मेरा नाम है हर्षिता, मेरी उम्र है 26 साल। मैं आज भी इंटरनेट के जमाने में रेडियो सुनती हूँ। पूरा परिवार बैठकर कार्यक्रम सुनता है, न्यूज सुनता है। आकाशवाणी शिमला आई हूँ युववाणी कार्यक्रम के ऑडिशन के लिए और उम्मीद है कि मुझे भी आकाशवाणी जैसे बड़ी संस्था में काम करने का मौका मिलेगा।***

**मुख्य समाचार एक बार फिर’**

- केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा–आपदा पीड़ितों को हरसंभव मदद देगी केन्द्र सरकार।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आपदा प्रभावित मंडी ज़िला के दो दिवसीय दौरे पर–नुकसान का लिया जायज़ा।
- राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा–मॉनसून की भारी बरसात से प्रदेश में अब तक एक हज़ार करोड़ रूपये से अधिक का नुकसान।
- प्रदेश में मॉनसून पूरी तरह सक्रिय–आज व कल राज्य के कुछ क्षेत्रों में भारी वर्षा का येलो अलर्ट।